# वार्षिक परीक्षा

कक्षा – ग्यारहवीं

विषय– अर्थशास्त्र

समय– 3 घंटे | पूर्णांक – 80

नोट–सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है । निर्धारित अंकों को ध्यान में रखते हुए उत्तर लिखे जाएँ ।

1) कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं ।
2) प्र.क्र. 1 से 8 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न में प्रत्येक में 1 अंक हैं, एक वाक्य में उत्तर दीजिए
3) प्र.क्र. 9 से 12 तक लघुउत्तरीय प्रश्न में प्रत्येक में 3 अंक हैं ।
4) प्र.क्र. 13 से 18 तक लघुउत्तरीय प्रश्न में प्रत्येक में 4 अंक हैं ।
5) प्र.क्र. 19 से 24 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न में प्रत्येक में 6 अंक हैं ।

प्रश्न 1. औद्योगिक क्रांति सर्वप्रथम किस देश में हुई ?

प्रश्न 2. भारत में विकास योजनायें कब से प्रारंभ हुई ?

प्रश्न 3. स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना कब प्रारंभ की गयी ?

प्रश्न 4. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना कब की गयी ?

प्रश्न 5. विष्णु गुप्त का दूसरा नाम क्या था ?

प्रश्न 6. भारत में जनगणना कितने वर्षों बाद की जाती है ?

प्रश्न 7. एक से अधिक गुणों को दर्शाने वाली सारणी को क्या कहते हैं ?

प्रश्न 8. सांख्यिकी के जनक के रूप में कौन जाने जाते हैं ? नाम बताइये ।

प्रश्न 9. द्वितीयक आंकड़ों को प्रयोग करने के पूर्व कोई तीन आवश्यक सावधानियाँ बताइए ।

प्रश्न 10. बिन्दुरेखीय प्रदर्शन के कोई 3 कार्य बताइए ।

प्रश्न 11. पर्यावरण संकट क्या है ? इसके 2 प्रमुख कारण बताइए ।

प्रश्न 12. भारत में ऊर्जा संकट से निपटने के लिये किये गये किन्हीं 3 सुधारों पर चर्चा कीजिए ।

प्रश्न 13. देश के विभाजन का भारतीय अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ा ? किन्हीं 4 बिन्दुओं पर चर्चा कीजिए ।

प्रश्न 14. भारतीय कृषि की किन्हीं 4 प्रमुख समस्याओं पर चर्चा कीजिए ।

प्रश्न 15. रिजर्व बैंक व्यवसायिक बैंकों पर किस प्रकार नियंत्रण रखना है, भारतीय रिजर्व बैंक के दो प्रमुख कार्य बताइए ।

प्रश्न 16. एक अच्छी प्रश्नावली के 4 गुणों को समझाइए ।

प्रश्न 17. निदर्शन अनुसंधान से आशय स्पष्ट करते हुए इसके किन्हीं 3 गुणों को समझाइए

प्रश्न 18. निम्न आंकड़ों का आवृत्ति आयत चित्र द्वारा दिखाइये –

| मजदूरी | 0-10 | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 | 60-70 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| व्यक्तियों की संख्या | 5 | 10 | 15 | 25 | 35 | 15 | 5 |

प्रश्न 19. निम्नलिखित आंकड़ों को लघुरीति द्वारा समान्तर माध्य ज्ञात कीजिए-

| प्राप्तांक | 10 | 20 | 30 | 40 | 50 | 60 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| छात्रों की संख्या | 8 | 10 | 12 | 20 | 6 | 4 |

**अथवा**

निम्न सारणी की माध्यिका ज्ञात कीजिए -

| प्राप्तांक | 0-10 | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| छात्रों की संख्या | 4 | 9 | 6 | 13 | 27 | 21 |

प्रश्न 20. निम्नलिखित आंकड़ों से प्रथम एवं तृतीय चतुर्थक ज्ञात कीजिए -

| प्राप्तांक | 2 | 4 | 7 | 9 | 16 | 18 | 24 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आवृत्ति | 7 | 9 | 25 | 21 | 18 | 11 | 8 |

**अथवा**

आदर्श माध्य के आवश्यक गुणों को समझाइए ।

प्रश्न 21. निम्नलिखित आंकड़ों से कार्ल पिर्यसन का सह संबंध गुणांक ज्ञात कीजिए-

| $x$ | 12 | 9 | 8 | 10 | 11 | 13 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| $y$ | 14 | 8 | 6 | 9 | 11 | 12 | 3 |

**अथवा**

एक प्रशिक्षण कोर्स को पूरा करने के पहले एवं बाद में 10 छात्रों को दिये गये कुल (*Rank*) निम्नानुसार है । स्पियरमेन की कोटि अंतर रीति द्वारा सह संबंध गुणांक ज्ञात कीजिए ।

| विद्यार्थी | *A* | *B* | *C* | *D* | *E* | *F* | *G* | *H* | *I* | *J* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रशिक्षण के पहले क्रम | 1 | 6 | 3 | 9 | 5 | 2 | 7 | 10 | 8 | 4 |
| प्रशिक्षण के बाद क्रम | 6 | 8 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 9 | 4 | 10 |

प्रश्न 22. आर्थिक नियोजन का आशय स्पष्ट करते हुये आर्थिक नियोजन की प्रमुख विशेषताएँ बताइए ।

**अथवा**

भारतीय कृषि की कोई 6 समस्याओं का वर्णन कीजिए ।

प्रश्न 23. उदारीकरण की आवश्यकता क्यों हुई ? कोई 6 कारण स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

जैविक खेती किसे कहते हैं ? जैविक खेती के तीन लाभ बताइए ।

प्रश्न 24. मानव पूंजी निर्माण से आशय स्पष्ट करते हुए मानव पूंजी निर्माण के कोई तीन श्रोत या आवश्यक तत्व को समझाइए ।

**अथवा**

भारत में बेरोजगारी के कोई 6 प्रमुख कारणों पर प्रकाश डालिये ।